अमर उजाला

बरेली
रविवार, 11 अप्रैल 2026
पैतालस कृष्ण-नवमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO, 13, MIDDLE

एसआरएमएस सीईटी में लेटेक्स कौशल वृद्धि कोर्स का समापन, 93 को प्रशिक्षण

बरेली (वि)। राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में लेटेक्स पर आयोजित पांच दिवसीय कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस कार्यशाला में 93 प्रतिभागियों ने अकादमिक और व्यावसायिक लेखन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह का संचालन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र केशव ने किया। प्राचार्य प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि लेटेक्स जैसे आधुनिक उपकरण अकादमिक और व्यावसायिक लेखन को नई दिशा देते हैं। प्रायोजक और संस्थान के पूर्व छात्र नावेद खान ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला।

यह कार्यशाला मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से आयोजित की गई थी। वोल्टिक्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और कैपिटल इलेक्ट्रिक कंपनी ने इसे प्रायोजित किया।

कार्यशाला के दौरान अकादमिक लेखन, शोध प्रलेखन, बीमर प्रस्तुति और रेज्यूमे निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में 33 संकाय सदस्यों, 35 छात्रों और 23 बाहरी प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह में उप-प्राचार्या रितु सिंह, मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष रवींद्र कुमार और सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रश्नोत्तरी के परिणाम घोषित कर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।